जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 | अंक-26 | जयपुर, सोमवार, 8 जुलाई, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जयपुर में औचक निरीक्षण: मुख्यमंत्री ने आमजन के लिए आवागमन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को धरातल पर जांचा

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के आवागमन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का धरातल पर जायजा लेने के लिए जयपुर शहर के विभिन्न प्रोजेक्ट्स का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था, बैठने हेतु छायादार स्थान, सफाई व्यवस्था सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि अगस्त माह से बसों का संचालन प्रारम्भ किया जा सके।

## मुख्यमंत्री ने आमजन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश-

मुख्यमंत्री शर्मा ने जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम के अधिकारियों को मानसून में भारी बारिश से होने वाली समस्याओं से बचाव के लिए पूर्व में ही माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**मेट्रो फेज 1-डी जल्द होगा पूरा**

शर्मा ने मानसरोवर में जयपुर मेट्रो फेज 1-डी के तहत मानसरोवर से अजमेर रोड चौराहा तक मेट्रो विस्तार के प्रगतिरत निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए शीघ्र इस प्रोजेक्ट को पूर्ण किया जाए। उन्होंने नवनिर्मित हीरापुरा बस टर्मिनल तक मेट्रो सुविधा के विस्तार के संबंध में चर्चा की। साथ ही, मेट्रो के फेज-2 के लिए रूट निर्धारित करने तथा डीपीआर बनाने के लिए टेण्डर शीघ्र किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।

**सांगानेर में बनेगा 300 बेडेड अस्पताल**

मुख्यमंत्री ने सांगानेर में खुली जेल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने 300 बेडेड अस्पताल बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को एक सप्ताह में भूमि आवंटन की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य की शीघ्र डीपीआर तैयार करें, जिससे दीपावली से पहले निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जा सके।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन टी. रविकान्त सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, आरयूएचएस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## आरयूएचएस में स्वास्थ्य सेवाओं का होगा विस्तार

शर्मा इसके बाद राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंस (आरयूएचएस) पहुंचे। यहां उन्होंने मॉडर्न डायग्नोस्टिक सेंटर, आईसीयू कॉम्प्लेक्स, आई ओटी यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आरयूएचएस में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने, चिकित्सकों की नियुक्ति करने, मरीजों के परिजनों के ठहरने की उचित व्यवस्था करने के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चिकित्सा सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया।



# एएन पब्लिक स्कूल ने फिर रचा इतिहास

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के जयपुर रोड राधास्वामी बाग स्थित ए.एन. पब्लिक स्कूल के छात्र अंशुमन चौधरी का जूनियर एशिया कप चीन के लिए चयन हुआ है।

संस्था के कोर्डिनेटर डॉ. के.एल कुमावत ने बताया कि राजस्थान के जयपुर(चौमूं) से विद्यालय के कक्षा 9वीं के छात्र अंशुमन चौधरी पुत्र डॉ. रतन लाल जाट निवासी बिहारीपुरा और जोधपुर निवासी मोक्षिता भारद्वाज मिक्स डबल्स आयु 15 वर्ग में हैदराबाद में मेडल जीतने पर चयन हुआ है। वर्तमान में अंशुमान चौधरी का देश की विख्यात प्रकाश पादुकोण अकेडमी बेंगलुरू में भी स्थाई रूप से चयन हो चुका है। छात्र अंशुमन चौधरी का गुरूवार को विद्यालय पहुँचने पर शाला निदेशक बलवीर सिंह, सचिव डॉ. सुमित्रा चौधरी, प्राचार्य अमरीश कुमार शर्मा ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएँ सहित स्टाफ़ मौजूद रहा।

## कोटा में हुआ पंडित रविन्द्राचार्य का भव्य सम्मान

**कोटा (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का कोटा प्रवास के दौरान भव्य स्वागत सम्मान हुआ।



आचार्य प्रिंसिपल रमेश गुर्जर के घर पहुंचे। वहां परिवार वालों ने भव्य सम्मान किया। कोटा में कंसूवा भेरुजी के दर्शन किए। यज्ञाचार्य पंडित हरिओम महाराज ने विधि विधान से हवन कराया । इस दौरान भेरूजी मंदिर के पुजारी अनिल गोस्वामी,पंडित राहुल दाधीच, शक्ति सिंह, वार्ड पार्षद चंद्रशेखर अग्रवाल , मुकेश शर्मा, सुमित सैनी, संतोष मीना आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# ए-हेल्प योजना: पशुपालकों के घर तक पहुंचेगी पशुपालन विभाग सेवा

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश में अब पशुपालन विभाग की सेवा पशुपालकों के घर तक पहुंचेगी। इसके लिए विभाग ए-हेल्प योजना शुरू कर रहा है। इसमें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के पशुपालकों को पशु चिकित्सा, संबंधी समस्याओं का निदान किया जाएगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने ए-हेल्प योजना की शुरुआत की है। योजना में पशु सखियों को 16 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाकर स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त अभिकर्ता ए-हेल्प के रूप में स्थापित किया जाएगा। प्रथम चरण में 25- 25 के समूह में राज्य की लगभग 2000 पशु सखियों को प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया



कि ए-हेल्प योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की एक और पहल है। इस योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन के विस्तार के लिए मान्यता प्राप्त अभिकर्ता को स्थापित करना है। यह योजना केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल है।

# शिक्षा मंत्रालय: कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और छात्रावासों में आईसीटी लैब एवं स्मार्ट कक्षाएं उपलब्ध कराएगा

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने समस्त कार्यात्मक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) और छात्रावासों में 'समग्र शिक्षा' मानदंडों के अनुसार आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, ताकि बालिकाओं को सशक्त बनाया जा सके, उन्हें डिजिटल रूप से दक्ष बनाया जा सके, और उनके ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाया जा सके। इससे डिजिटल ज्ञान में मौजूदा खाई को पाटना भी संभव हो जाएगा। लगभग 290 करोड़ रुपये की अनुमानित



लागत वाली इस पहल से केजीबीवी की। लाख बालिकाएं लाभान्वित होंगी। केजीबीवी दरअसल वंचित समूहों जैसे कि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वाली बालिकाओं के लिए कक्षा VI से लेकर कक्षा XII तक के आवासीय विद्यालय हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर

# उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मण्डल की डीसीएम का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** डिविजनल काउंसलिंग मीटिंग (डीसीएम)का आयोजन गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में अरावली क्लब में हुआ। इस डिविजनल काउंसलिंग मीटिंग में जोनल अध्यक्ष एस आई जैकब और जोनल महासचिव विनोद मेहता उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने की और मंच का संचालन उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडल मंत्री महेश शर्मा ने की । उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल की सभी शाखों के पदाधिकारी एंव सक्रिय कार्यकर्ता डिविजनल काउंसलिंग मीटिंग में उपस्थित हुए ।

उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष एस आई जैकब ने मजदूर संघ द्वारा कर्मचारी हित में किए गए कार्यों के बारे में बताया। जैकब ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों को दी जा रही पुरानी पेंशन योजना सिर्फ और सिर्फ़ एनएफआईआर के संघर्ष की देन थी कि वर्ष 1956 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने एनएफआईआर के राष्ट्रीय अधिवेशन में सभी सरकारी कर्मचारियों को पेंशन को घोषणा की ओर अब जो सरकार द्वारा इस पेंशन योजना को बंद कर नई पेंशन योजना दी जारी है इसका भी एनएफआईआर द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है।



इस योजना को बंद कर वापस पुरानी पेंशन योजना की बहाली तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा ।इसी प्रकार वर्ष 1969 में दास कमेटी द्वारा मंहगाई भत्ते का फार्मूला तय करवाने में भी सिर्फ और सिर्फ एनएफआईआर का ही संघर्ष है । उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल महासचिव विनोद मेहता ने कहा कि मजदूर संघ हमेशा कर्मचारी हित में कार्य करती है और करती रहेगी। सभी कर्मचारियो से आने वाले समय में होने वाले मान्यता चुनाव में पूरे जोर शोर से मेहनत कर यूपीआरएमएस को पुनः जीत दिलवाने के लिए आव्हान किया। डीसीएम मीटिंग में विभिन्न मुद्दो पर सभी से विस्तृत चर्चा की गई जिसमें रेल कर्मचारियो की मुख्य मांग न्यू पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करवाने पर चर्चा की गयी।

मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने कहा कि हमारे साथीयों को आने वाली समस्याओं के समाधान लिए सबसे ज्यादा प्रयासरत रहने वाला संगठन मजदूर संघ है जिसकी बदौलत मजदूर संघ में ज्यादा से कमर्चारी अपना विश्वास रखते है और आगामी समय मे होने वाले मान्यता चुनाव में हम बहुत बड़ी जीत दर्ज करने वाले हैं ।

इसी दौरान बांदीकुई शाखा सचिव ओर सीडब्ल्यूसी सदस्य लोकेश नारद के सेवानिवृत्त होने पर मंडल कार्यकारिणी द्वारा साफा एवं माला पहनाकर हार्दिक स्वागत किया गया । मंडल अध्यक्ष सौरभ दिक्षित एवं मंडल सचिव महेश शर्मा द्वारा लोकेश नारद को उपहार भेंट किया।उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं द्वारा लोकेश नारद के सेवानिवृत होने के उपलक्ष में विदाई दी गई।

इस डीसीएम मीटिंग में मंडल पदाधिकारी मोहन पूनिया, प्रवीण सिंह चौहान, प्रमोद डांगी, दीपक वर्मा, मनीष शर्मा, लोकेश कसाना, शाखा पदाधिकारी याकत अली , अनिल चौधरी , महेश शर्मा सहित सभी ब्रांचों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# लायन्स क्लब जयपुर डायमंड द्वारा जेके लोन हॉस्पिटल में मनाया डॉक्टर्स व सीए डे

**जयपुर (हमारा वतन)।** लायन्स क्लब जयपुर डायमंड द्वारा जेके लोन हॉस्पिटल के सभागर मे डॉक्टर्स व सी ए डे मनाया गया। इस अवसर पर 31 डॉक्टर और सीए को सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष अजय डोगरा ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. दीपक माहेश्वरी प्रिंसिपल एंड कंट्रोलर एस एस एस मेडिकल कॉलेज, डॉ. कैलाश मीणा सुपरीटेंडेंट जे के लोन हॉस्पिटल , डॉक्टर कपिल गर्ग, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुरेश गुप्ता, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अतुल कासलीवाल, फीजिशियन प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीकांत गोयल, डॉ. प्रशांत मोदी, डॉ. दिनेश चंद खंडेलवाल, डॉ. एसपी भारद्वाज, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ.हरीराम मीणा, डॉ. महावीर सैनी, डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ.रेखा वशिष्ठ, डॉ. राजीव वशिष्ठ, डॉ. मंजीत सिंह, डॉ. पवन कुमार सुलानिया, डॉ. राजेश पाठक, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. राजेश



वर्मा, डॉ. पूनम सैनी, डॉ. दीपशिखा कपूर, डॉ. अशोक सिंह सोलंकी, सीए राहुल शर्मा, सीए दीपक जैन, सीए अशोक जिन्दल, सीए आर. के. गुप्ता सहित 31 डॉक्टर और सीए को सम्मानित किया गया।

क्लब सचिव ममता पंचोली व कोऑर्डिनेटर प्रीति सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट सुधीर जैन गोधा, चार्टर सदस्य अजय अग्रवाल, चार्टर सेक्रेटरी तेजेन्द्र गर्ग, रोटेरियन संजय अग्रवाल,पी डी जी लायन आलोक अग्रवाल, अनिल बाफना, सुनिल बियोत्रा, शंभु दयाल अग्रवाल, मनीष गिनेरीवाल, मधुसूदन, मोहम्मद जहांगीर, भूपेन्द्र सिंह, हिम्मत सिंह, सिमरन डोगरा,विनय पाराशर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# इग्नू से जुलाई 2024 सत्र से भगवद् गीता अध्ययन में कर सकेंगे स्नातकोत्तर

**जयपुर (हमारा वतन)।** इंदिरा गाधी राष्टीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2024 सत्र से भगवद्गीता अध्ययन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शुरूआत की है। डॉ. ममता भाटिया, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर ने बताया कि विश्वविद्यालय ने भगवद्गीता अध्ययन में कार्यक्रम की शुरुआत कर धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन में रूचि रखने वाले छात्रो को अवसर प्रदान किया है।

इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यलय और संस्थान से तीन वर्षीय स्नातक उपाधि रखी गयी है। कार्यक्रम की न्यूनतम अवधि दो वर्ष तथा अधिकतम चार वर्ष रखी गयी है। इस कार्यक्रम का माध्यम हिंदी रहेगा तथा वार्षिक परीक्षा आधारित रहेगा। कार्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024 रखी गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि जो विद्यार्थी धार्मिक ग्रथों में व्याप्त ज्ञान का अध्ययन करना चाहता है तथा रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं, उसमें अपना कैरियर बनाना चाहते है उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। विद्यार्थियों को कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024 से पहले विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाकर https://ignouadmission.samarth.edu.in/ लिंक पर आवेदन करे। इग्नू कार्यक्रमों में नये प्रवेश एवं पुनः प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2024 रखी गयी है। इच्छुक विद्यार्थी इग्नू कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए नजदीकी इग्नू अध्ययन केन्द्रों पर जाकर भी अपना आवेदन कर सकते है। विद्यार्थियों को ऑनालाइन आवेदन करने के लिए क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर ने सुविधा मुहैया करवा रखी है। विद्यार्थी अपने प्रवेश से सबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए सोमवार से शुक्रवार समय सुबह 9:30 बजे से साय 6:00 बजे तक क्षेत्रीय केन्द्र आ सकते है या ई-मेल आई.डी. rcjaipur@ignou.ac.in पर ई-मेल कर सकते है।

# अब घर बैठे ही बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिलेगा राशन

**जयपुर (हमारा वतन)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि बजट घोषणा के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश में योजना शुरू की गई है। जिसमें ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्य 18 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक आयु के अथवा निःशक्त हैं जो राशन लेकर आने में असमर्थ हैं उन्हें घर बैठे राशन मिलेगा।उन्होंने बताया कि उचित मूल्य दुकानदार या उसके द्वारा नामित व्यक्ति घर बैठे राशन उपलब्ध करवाएगा। इसके लिए संबंधित व्यक्ति वितरण के दौरान पोस मशीन, वेट मशीन तथा अन्य आवश्यक सामान साथ लेकर जायेगा।



गोदारा ने बताया कि राज्य में 60 वर्ष से अधिक आयु के कुल 8 लाख 56 हजार 422 राशन कार्ड धारक हैं एवं ऐसे राशन कार्ड धारक जिनमें कम से कम एक व्यक्ति दिव्यांग है एवं अन्य सदस्यों की आयु 60 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम है उनकी संख्या 9 हजार 756 है। कुल 8 लाख 66 हजार 178 परिवार है। उन्होंने बताया कि दुकानदार को एक से दो राशनकार्ड पर 80 रुपये, तीन से पाँच पर 200 रुपये, छः से दस पर 300 रुपये, दस से अधिक पर 320 रुपये कमीशन दिया जायेगा। उन्होंने जिला रसद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे वृद्ध एवं दिव्यांग परिवारों की सूची दुकानदार को एवं होम डिलीवरी के माध्यम से वितरण के सत्यापन के बाद उक्तानुसार कमीशन राशि दुकानदार को उपलब्ध करवाने की आवश्यक व्यवस्था करवाएंगे।



# राजस्थान खादी विकास मंडल के कर्मचारी को दी विदाई

**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्था राजस्थान खादी विकास मंडल के कर्मचारी विमल चंद्र जैन के रिटायरमेंट के अवसर पर गोविंदगढ़ खादी कर्मचारी संघ द्वारा स्वागत कर विदाई दी गई ।

इस दौरान गोविंदगढ़ खादी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शंकर लाल यादव, मंत्री कन्हैया लाल यादव, महामंत्री प्रहलाद राय वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा तथा कर्मचारी फूलचंद जाट, महेंद्र यादव, विमल कुमार योगी, बिरदी चंद यादव, राजकुमार वर्मा आदि कर्मचारियों ने साफा बंधवाकर विदाई दी।

## कृषि विभाग द्वारा 'एक व्यक्ति एक पेड़' अभियान के तहत लगाये जायेंगे एक लाख से ज्यादा पौधे

जयपुर(नि.सं.)। राज्य में पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए हरियाली व पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि विभाग लगभग एक लाख पांच हजार छायादार व फलदार पौधे लगाने जा रहा है। कन्हैया लाल स्वामी ने बताया कि 'एक व्यक्ति एक पेड़' या 'एक परिवार एक पेड़' अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा समस्त जिलों मे स्थित कृषि विभाग के कार्यालय परिसर एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधे लगाये जायेंगे। इस अभियान को पूरे राज्य में आमजन की भागीदारी से सफल बनाने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए फलदार एवं छायादार पाधों का चयन किया गया है। इनमें आम, अमरूद, आंवला, बील, जामुन, सीताफल, इमली, चीकू, शहतूत, मौसमी, नाशपती जैसे फलदार एवं नीम, बबूल, सहजन, खेजड़ी एवं रोहिड़ा शामिल हैं।

## जॉब्स-

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद एमटीएस हवलदार, पद संख्या 8326, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
2. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद सीजीएल, पद संख्या 17727, अंतिम तिथि 25 जुलाई 2024
3. आरपीएससी, पद असिस्टेंट टेस्टिंग ऑफिसर, जूनियर केमिस्ट, असिस्टेंट डायरेक्टर, पद संख्या 14 अंतिम तिथि 18 जुलाई 2024
4. यूपीएसएसएससी, पद होम्योपैथिक फार्मासिस्ट, पद संख्या 397, अंतिम तिथि 19 जुलाई 2024
5. बिहार स्टेट हेल्थ सोसायटी, पद सीएचओ, पद संख्या 4500, अंतिम तिथि 21 जुलाई 2024
6. इंडियन एयर फोर्स, पद वायु अग्निवीर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 28 जुलाई 2024
7. यूको बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 544, अंतिम तिथि 16 जुलाई 2024
8. आरपीएससी, पद डिप्टी जेलर, पद संख्या 73, अंतिम तिथि 6 अगस्त 2024




# रणवीर शौरी के काम न मिलने के बयान पर बोलीं दिव्या दत्ता

*दिव्या दत्ता रणवीर शौरी के साथ काम कर चुकी हैं। उनका कहना है कि रणवीर बेहतरीन एक्टर हैं। उनके पास काम नहीं है, इसका मतलब है कि उन्होंने कुछ ऑफर्स को ना जरूर कहा होगा।*

एक्टर रणवीर शौरी बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के कंटेस्टेंट हैं। शो में उन्होंने कहा था कि उनके पास कोई काम नहीं है इसलिए बिग बॉस करना पड़ रहा है। अब दिव्या दत्ता ने इंडस्ट्री के ट्रेंड पर बात की है। उन्होंने रणवीर की तारीफ की साथ ही कहा कि वह काम को मना भी करते हैं। दिव्या ने अंदाजा लगाया कि क्या परिस्थितियां हो सकती हैं जो रणवीर शौरी के पास काम की कमी है।दिव्या दत्ता रणवीर शौरी के साथ मंटो और आजा नचले में काम कर चुकी हैं।



**हर किसी को हीरा चाहिए**-बिग बॉस के दर्शक रणवीर शौरी को शो में पसंद कर रही हैं। उनकी मिमिक्री ने लोगों को हंसाया और उन्हें बढ़िया एक्टर भी माना जा रहा है। इसके बाद भी रणवीर शौरी को काम नहीं मिल रहा। यह बात उन्होंने खुद शिवानी कुमारी को बताई थी। अब उनके साथ काम कर चुकीं दिव्या दत्ता ने रणवीर के कमेंट पर अपनी राय रखी है। सिद्धार्थ कनन ने दिव्या दत्ता से पूछा कि रणवीर जैसे एक्टर को काम मिलना क्यों मुश्किल है? इस पर दिव्या बोलीं, हमारे पास कई सारी चॉइसेज होती हैं। जैसे आप एक हीरा यहां रख दे तो हर किसी को वही चाहिए होगा फिर अगली 5-6 फिल्मों तक आप उसी एक्टर को देखते रहेंगे। इसके बाद उनका ध्यान बंटेगा तो उन्हें अगला हीरा चाहिए होगा।

**मजाकिया हैं रणवीर**-दिव्या बोलीं, तो यह बदलता रहता है, लेकिन मेरा केस अलग था, मैं कंसिस्टेंट रही क्योंकि शायद मैंने अपना काम बांट लिया। मुझे यकीन हैं कि उन्होंने बहुत से काम को ना भी कहा होगा क्योंकि वह बहुत अच्छे एक्टर हैं।

## Bigg Boss Ott 3

# अरमान मलिक पर अब 2 शादी को लेकर भड़कीं एक्ट्रेस तनाज ईरानी, कहा- दम है तो पहली पत्नी को..



***बिग बॉस ओटीटी 3 कंटेस्टेंट तनाज ईरानी ने अब अरमान मलिक पर अपना गुस्सा जाहिर किया है।***

बिग बॉस ओटीटी 3 में जबसे यूट्यूबर अरमान मलिक अपनी दोनों पत्नी पायल और कृतिका के साथ आए हैं तबसे तीनों को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं उन पर आरोप लगा है कि वे नेशनल टीवी पर 2 शादी को प्रमोट कर रहे हैं। कई सेलेब्स भी उनके खिलाफ बोले हैं और अब टीवी एक्ट्रेस तनाज ईरानी ने भी अरमान के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला है।

**खुद को एनिमल समझते हैं**-तनाज ने टेली चक्कर से बात करते हुए कहा, मैं अरमान को लेकर कोई फीलिंग नहीं रखती हूं। मुझे लगता है कि अरमान भूल गए हैं कि वह इंसान हैं। हमारी सोसाइटी में एक ही बार शादी की जाती है। मुझे लगता है वह खुद को एनिमल समझते हैं कि एक बीवी है और दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं। पहली पत्नी के होते हुए वह दूसरी लड़की से शादी कर लेते हैं।

**दम है तो बोलते तलाक दे रहा हूं**-तनाज ने आगे कहा, वह दूसरी लड़की घर ले आए। अगर आप में दम है तो आपको पहली पत्नी को बोलना था कि मैं किसी और से शादी करना चाहता हूं और तुम्हें तलाक दे रहा हूं। अरमान ने जो किया है वो गलत है। 2 पत्नी रखना गलत है।




# योग:बारिश के मौसम में एसिडिटी की समस्या से ऐसे पाएँ निजात





**हमारा वतन।** बारिश के मौसम में पाचन कमजोर होने,तनाव और ख़राब जीवनशैली से एसिडिटी की समस्या बढ़ती है। ये दो योग एसिडिटी की समस्या में तेजी से राहत पहुंचा सकते हैं। बारिश के मौसम में बढ़ी हुई नमी पूरे पाचन तंत्र को प्रभावित करती है। इससे पाचन कमजोर हो जाता है।

इसके अलावा मसालेदार, तैलीय और प्रोसेस्ड फूड पाचन को और कमजोर करते हैं। जिससे एसिडिटी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा तनाव, व्यायाम की कमी, अपर्याप्त नींद भी इस समस्या को बढ़ाते हैं। योग का अभ्यास करके, पाचन को एसिडिटी के लक्षणों मदद करता हैं। इसके योग मुद्राएं विशेष जुड़े अंगों को टारगेट एसिडिटी के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती हैं। ऐसे में इस मौसम में एसिडिटी से बचाव के लिए आप इन दो योग का सहारा ले सकते हैं।

**1. पवनमुक्तासनः -**

तनाव को कम पीठ के बल लेट जाएं और पैरों ठीक करता है और को फैलाएं। भुजाओं को अपनी को कम करने में बगल में रखें। सांस छोड़ते हुए अतिरिक्त, कुछ घुटनों को मोड़ें और उन्हें अपनी रूप से पाचन से छाती की ओर लाएं। इसके बाद करती हैं, जो घुटनों को हाथों से पकड़ें और छाती से चिपकाने की कोशिश करें। कुछ सेकंड के लिए इस स्थिति में रहें, इसके बाद घुटनों को छोड़ कर सामान्य स्थिति में आ जाएं।

**लाभ**-यह आसन पेट और आंतों में फंसी गैस को निकालने में मदद करता है। कब्ज दूर करता है, जिससे एसिडिटी की समस्या तेजी से कम होती है।

**2. योग मुद्राः-**

पद्मासन बैठें और बाएं हाथ से दाहिनी कलाई को पीछे की ओर पकड़ें। सामान्य रूप से सांस लें। अब सांस छोड़ते हुए माथे से फर्श को छूने का प्रयास करें। सांस लेते हुए धीरे-धीरे शुरुआती स्थिति में आ जाएं। एक बार फिर सांस छोड़ते हुए माथे से दाहिने घुटने को छुए। धीरे-धीरे सांस लें और उठें। बाई ओर दोहराएं।

**लाभः-** यह आसन पेट के अंगों की मालिश करता है। शरीर में रक्त प्रवाह को बढ़ाकर पाचन को सुधारने में मदद करता है।

# शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं आरती को लेकर बैठक आयोजित



**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 11 अगस्त 2024 रविवार को कागलिया वाले बालाजी मंदिर मोरीजा रोड, चौमूं पर आयोजित होने वाले शिवपार्थिव महारुद्राभिषेक एवं महाआरती कार्यक्रम को लेकर नवदुर्गा शक्तिपीठ मंदिर, जयपुर रोड, चौमूं पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। अभी तक 50 जोड़ों के पंजीयन प्राप्त हुए हैं और पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जुलाई रखी गई है। इस दौरान पदाधिकारीयो में बनवारी लाल शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, सत्य प्रकाश पारीक, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, डॉ. पवन कुमार तिवाडी, डॉ. सीताराम कुमावत, डॉ. एम के ऐरन, पं. रामस्वरूप शर्मा, नारायण लाल शर्मा, मुकेश दीक्षित, मुकेश लालानी, राजेश माहेश्वरी, सौरभ कलावड़िया आदि लोग उपस्थित रहे।

शेष पृष्ठ 1 का

# शिक्षा मंत्रालय:कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों ...................

केजीबीवी शैक्षणिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में खोले जाते हैं, जिसका उद्देश्य इन बालिकाओं तक पहुंच एवं गुणवत्तापूर्ण या बेहतरीन शिक्षा सुनिश्चित करना है और इसके साथ ही स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर बालकों एवं बालिकाओं के ज्ञान में अंतर को कम करना है। वर्तमान में देश के 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 5116 केजीबीवी कार्यरत हैं। केजीबीवी में बालिकाओं को आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है

क्योंकि केजीबीवी की बालिकाएं वंचित पृष्ठभूमि से आती हैं और उन्हें शिक्षा की प्राप्ति में विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ता है जिनमें घर से स्कूलों का काफी दूर होना, सांस्कृतिक मानदंड और सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी शामिल हैं। डिजिटल साक्षरता सुलभ कराना उनके व्यक्तिगत और प्रोफेशनल या व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे डिजिटल ज्ञान में मौजूदा खाई को पाटने में भी काफी मदद मिलेगी। तेजी से विकास और हमारे जीवन एवं आजीविका के साथ आईसीटी के एकीकरण के मौजूदा युग में यह अत्यंत आवश्यक है कि जीवन के सभी क्षेत्रों से वास्ता रखने वाले बालकों-बालिकाओं को खुद को आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने का अवसर मिले। आईसीटी को स्कूली पाठ्यक्रम में एकीकृत किया गया है ताकि विद्यार्थियों, विशेषकर वंचित समूहों के विद्यार्थियों को पर्याप्त अनुभवात्मक जानकारियां मिल सकें। आईसीटी सुविधाएं उपलब्ध कराने से यह सुनिश्चित होगा कि केजीबीवी की बालिकाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्मों/संसाधनों जैसे कि स्वयं, स्वयं प्रभा, राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी, ई-पाठशाला, राष्ट्रीय मुक्त शैक्षणिक संसाधन भंडार, दीक्षा, इत्यादि तक बेहतर पहुंच सुलभ होगी। इससे इन बालिकाओं का ज्ञान एवं कौशल बढ़ेगा।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है। भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी-रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन-मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं-न-कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस-पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी।


राम गोपाल सैनी

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# नवनिर्वाचित सरपंच सुनीता सैनी ने लिया साईं बाबा और संज्या सती माता का आशीर्वाद

जयपुर (हमारा वतन)। ग्राम ईटावा भोपजी की नव निर्वाचित सरपंच सुनीता सैनी और समाजसेवी राजकुमार सैनी ने साई बाबा और संज्या सती माता का आशीर्वाद लिया । दोनों ने संत सुरेश कुमार (सूरदास) को श्रद्धांजलि अर्पित की। साई मंदिर महन्त कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि साई मंदिर में नव निर्वाचित सरपंच का माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर और शाल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। कन्या प्रसादी का आयोजन चौमूं निवासी साई भक्त मदन सिंह चौहान द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर किया गया। इसके पश्चात महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ईटावा भोपजी में साई मंदिर द्वारा वितरित भोजन प्रसादी का सरपंच सुनीता सैनी एवं समाज सेवी राजकुमार सैनी द्वारा प्रसादी वितरण का शुभारंभ किया गया ।

इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश चंद बुनकर एवं समस्त स्टाफ द्वारा नवनिर्वाचित सरपंच का साफा, शॉल एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया।

इस दौरान सरोज कंवर, कार्तिक सिंह चौहान ,नेहा कंवर, कैलाश सिंह शेखावत लोहरवाड़ा, गोपाल बजाज, मनोज सिंह राठौड़, सुमन कंवर , पृथ्वी राज सिंह, मंजु कंवर,रक्षित भाटी, तनवीर भाटी, राजवीर सिंह राठौड़, दिग्विजय सिंह ,अंजलि,आयुषी, अनुष्का नाथावात सहित कई लोग मौजूद रहे ।



## वृक्षारोपण

लगाओ धरा पर तुम वृक्ष इतने,
जरा ये अछूती कहीं रह न जाये।
ला दो हरितिमा यूं तुम धरा पे,
नीले गगन सी,
हरी धरा ये सुहाए।

हो बरसात जिससे इतनी धरा पे,
ये जमीं कहीं बंजर रहने न पाये।
बर्फबारी हो धरा पर
यूंखूब जम के,
श्रृंखलाएं सफेद
चादर से ढक जायें।
ठंढ़क बढ़े धरा पे कुछ
मास दिवस तक,
तपिश इस धरा पे और
बढ़ने न पाये।
हो हिम संघनन उन
दोनों ध्रुवों पर,
सागर का जलस्तर कहीं
बढ़ने न पाये।।
वृक्षों की रक्षा हम करें
इस कदर की,
हरे वृक्ष काटने की
हिम्मत न आये।
लें ये संकल्प हम सब
मिलकर दिल में,
बहुगुणा की आत्मा
को शान्ती पहुंचाए।

**-विजय मेहंदी,जौनपुर,उ.प्र.**



## मां की बेटी

मैं वो नूर हूं
जो मां के चेहरे की
हँसी में छलकती हूं।
मैं वो टूटा हुआ तारा हूं
जिसे संभालकर मां ने
अपनी आंखों में छिपा रखा है ।
मैं वो सांस हूं
जो मां की नस नस में बहती हूं ।
मैं वो ह्रदय हूं
जो अपनी मां में हर पल
धकड़ती हूं।
मैं वो हूं जो
अपनी मान मर्यादा को
गले लगाती हूं।
मैं वो हूं जो
कड़ी धूप में मेहनत
का साहस रखती हूं।
मैं वो हूं जो
मां के आंसुओं की
कद्र करती हूं।
मैं वो हूं जो
मां के लिए उसका
जीना कहलाई
मैं वो हूं
जो दुनिया की नजरो
में खटकती हूं।
दुनिया के तानों को
सुनने का साहस रखती हूं
सभी परिस्थिति में कृष्ण
को याद कर खुश रहती हूं।
मैं मां की प्यारी बेटी हूं।

**-पूजा गाडियां लोहार, झालावाड**



## भरतपुर में पकड़ा ईसाई धर्म में परिवर्तन करने का सेंटर, 20 लोग पुलिस हिरासत में

भरतपुर(वि.सं.)। शहर में एक बार फिर से धर्म परिवर्तन का सेंटर पकड़ा गया। एक मकान से करीब 20 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिसमें एक व्यक्ति और एक महिलाएं घायल हैं। महिला के कपड़े भी फट गए हैं। विश्व हिन्दू परिषद का कहना है कि मकान के अंदर धर्म परिवर्तन चल रहा था। वहीं पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों का कहना है कि यहां पर भगवान की प्रार्थना की जा रही थी। विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष लाखन सिंह ने बताया कि इससे पहले सोनार हवेली से एक धर्म परिवर्तन का मामला पकड़ा था। प्रशासन ने उस मामले की जांच को लेकर SIT की टीम का गठन किया था लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज हमें सूचना मिली कि मथुरा गेट थाना इलाके में फाटक नंबर 39 के पास एक मकान में धर्मान्तरण हो रहा है। इसमें करीब 100 शामिल थे।




हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा